**केमाशिबो/निदेशक(शैक्षणिक)/2025** **दिनांक: 08.07.2025**

**परिपत्र सं: शैक्ष.-40/2025**

**केमाशिबो संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रमुख**

**विषय: संयुक्त राष्ट्र @80 के अवसर पर डाक टिकट (स्टैम्प) डिज़ाइन प्रतियोगिता के संबंध में।**

प्रधानाचार्य,

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) अक्टूबर 2025 में अपनी 80वीं वर्षगांठ मनाएगा। **यूएन@80** के स्मृति कार्यक्रमों के तहत, डाक विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा **विदेश मंत्रालय** के सहयोग से विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए **एक डाक टिकट (स्टैम्प) डिज़ाइन प्रतियोगिता** निम्नलिखित विषय पर आयोजित की जा रही है:

**"बहुपक्षवाद, वैश्विक नेतृत्व और प्रबंधन के माध्यम से हमारे भविष्य के निर्माण में यूएन@80 और भारत की नेतृत्वकारी भूमिका।"**

यह प्रतियोगिता **8 जुलाई 2025 से 15 अगस्त 2025 तक माईगोव पोर्टल** के माध्यम से आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विजेता डिज़ाइन को **डाक टिकट (स्टैम्प)** के रूप में जारी किया जाएगा और 24 अक्टूबर 2025 को एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में विमोचित किया जाएगा।

**पात्रता:**

- **कक्षा IX से XII** तक के विद्यार्थी भाग लेने के लिए पात्र हैं।
- कला कृति **ए4 आकार (200 जीएसएम)** के **सफ़ेद आर्ट पेपर** पर क्रेयॉन्स, पेंसिल रंग, जल रंग या एक्रिलिक पेंट्स का उपयोग करके बनाई जाए।

**दिशानिर्देश:**

1. प्रत्येक विद्यालय को **8 जुलाई से 15 अगस्त 2025** के बीच अपने स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित हो।
2. विद्यालयों को **प्रविष्टियों को छांट कर अधिकतम 05 सर्वश्रेष्ठ डिज़ाइनों का चयन** करना है।
3. इस चयनित डिज़ाइनों को स्कैन कर विद्यालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर माईगोव पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है।
4. राष्ट्रीय चयन के लिए मुख्य डाकपाल महाप्रबंधक (सीपीएमजी) की अध्यक्षता में गठित समिति इन प्रविष्टियों का मूल्यांकन करेगी।

**विद्यालयों के लिए कार्य संबंधी बिन्दु :**

- प्रतियोगिता का आयोजन करें और अधिकतम विद्यार्थियों की भागीदारी के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें।
- समन्वय और प्रविष्टियाँ अपलोड करने के लिए एक विद्यालय नोडल अधिकारी नामित करें।
- यह सुनिश्चित करें कि चयनित डिज़ाइन विषय और प्रस्तुति संबंधी विनिर्देशों के अनुरूप करें।

केमाशिबो से संबद्ध सभी विद्यालयों से अनुरोध है कि वे इस रचनात्मक पहल में उत्साहपूर्वक भाग लें, जो विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति के माध्यम से भारत के वैश्विक नेतृत्व और बहुपक्षवाद के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का उत्सव मनाती है।

शुभकामनाओं सहित,

**(डॉ. प्रज्ञा एम. सिंह)**
**निदेशक (शैक्षणिक)**

**प्रतिलिपि:- नीचे दर्शाए गए संबंधित निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सभी विद्यालयों में सूचना प्रसारित करने के अनुरोध सहित:**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, संस्थागत क्षेत्र, नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
4. सचिव, सैनिक स्कूल सोसाइटी, कमरा नं. 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पोस्ट ऑफिस सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. निदेशक जन अनुदेश (स्कूल), राज्य संघ क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम –737101
9. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर –791111
10. स्कूल शिक्षा निदेशक, सरकार अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पोर्ट ब्लेयर-744101
11. स्कूल शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा न. 101-102 , ग्राउंड फ्लोर, सचिवालय परिषद, कुर्बाथंग, कार्गिल-लद्दाख
12. निदेशक स्कूल शिक्षा, आंध्र प्रदेश, तृतीय तल, बी ब्लॉक, आंजनेय टावर्स,वीटीपीएस रोड, भीमराजु गुट्टा, इब्राहीमपटनम, आंध्र प्रदेश-521456
13. निदेशक, झारखंड शिक्षा प्रोजेक्ट परिषद, पुराना एचईसी हाई स्कूल, जेएससीए स्टेडियम रोड, जगन्नाथपुर, सैक्टर-III, धुर्वा, रांची- 834004 (झारखंड)
14. जल सेना शिक्षा सोसाएटी, डीटीई जल सेना, जल सेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय, वेस्ट ब्लॉक-वी, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066
15. अवर महानिदेशक, आर्मी एडुकेशन, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
16. सचिव एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (आर्मी) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नं. 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
17. अध्यक्ष केमाशिबो के उप सचिव
18. के.मा.शि.बो. के सचिव/परीक्षा नियंत्रक/सभी निदेशक
19. के.मा.शि.बो. के सभी क्षेत्रीय निदेशको /क्षेत्रीय अधिकारियों को इस परिपत्र को उनके संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड के संबद्ध विद्यालयों के सभी प्रमुखों को भेजने के अनुरोध सहित।
20. के.मा.शि.बो. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/प्रधान निजी सचिव/वरिष्ठ निजी सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव
21. उत्कृष्टता केंद्र, के.मा.शि.बो. के सभी प्रमुख/प्रभारी
22. आईटी इकाई के प्रभारी को इस परिपत्र को के.मा.शि.बो. शैक्षणिक वेबसाइट पर प्रस्तुत करने के अनुरोध सहित
23. पुस्तकालय के प्रभारी
24. रिकॉर्ड फ़ाइल

**निदेशक (शैक्षणिक)**